**दिनांक 05.01.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बक्सर जिलान्तर्गत चौगाई प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थितिः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री अरविन्द कुमार सिंह,**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, आरा। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री रूपेश कुमार,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, बक्सर। | - | **सदस्य** |
| 1 | कार्य का नाम | - | बक्सर जिलान्तर्गत चौगाई प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय -सह- आवासीय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - | ₹30,74,17,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹22,20,32,100/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1100 (नि0)अनु0 दिनांक-13.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 22,12,91,647/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 25,24,96,701/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-014136(भ0) 25-26 हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक-11.09.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 16.09.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 18.09.2025 / 22.09.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 08.10.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 09.10.2025 |
| 11 | **निविदादाता का नाम एवं पता** | - | (1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, अशियाना नगर, पटना।<br>(2) मे0 सैब कंसट्रक्सन, चित्तौली, रोहतास।<br>(3) बालाजी डेवलपर्स,रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0।<br>(4) बिपिन कुमार पटेल, आजाद नगर, भभुआ।<br>(5) मे0 ए0के0एस0 वेंचर्स प्रा0 लि0, मे0 एक्सल वेंचर्स प्रा0 लि0, रॉची (जे0वी0)। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 05.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सर द्वारा निविदा मे शामिल कुल पॉच निविदाकार द्वारा अपलोड

किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पॉच निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, अशियाना नगर, पटना द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 सैब कंसट्रक्सन, चित्तौली, रोहतास द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी फर्नीचर मद के विरूद्ध निविदाकार द्वारा अनुभव प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायी गयी है परंतु वित्तीय वर्ष यथा Date of Start, Date of End, Financial Year Wise item execution वर्णित नहीं होने के कारण एवं विभागीय निविदा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विचार नहीं किया गया। अतः इन्हें एस0बी0डी0 कंडिका- 4.5A(c) के तहत **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** बिपिन कुमार पटेल, आजाद नगर, भभुआ द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**पंचम निविदाकार** मे0 ए0के0एस0 वेंचर्स प्रा0 लि0, मे0 एक्सल वेंचर्स प्रा0 लि0, रॉची (जे0वी0) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (1) अग्रधन की राशि जे0वी0 के द्वारा समर्पित नहीं किया गया है। (2) इनके द्वारा दिये गये शपथ-पत्र कार्यपालक दण्डाधिकारी (प्रथम श्रेणी) द्वारा समर्पित नहीं किया गया है एवं (3) संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र में फ्लोरिंग कार्य का मात्रा नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 कंडिका-4.5A(c) एवं 16.1(d) के तहत तकनीकी बीड में इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार पॉच निविदाकार में से तीन निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, अशियाना नगर, पटना (2) मे0 सैब कंसट्रक्सन, चित्तौली, रोहतास (3) बिपिन कुमार पटेल, आजाद नगर, भभुआ को **सफल** एवं (4) बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 (5) मे0 ए0के0एस0 वेंचर्स प्रा0 लि0, मे0 एक्सल वेंचर्स प्रा0 लि0, रॉची (जे0वी0) को **असफल** घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-11.01.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
**(रूपेश कुमार)**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बक्सर।

ह0/-
**(अरविन्द कुमार सिंह)**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, आरा।

ह0/-
**(मनोज कुमार सिंह)**
मुख्य अभियंता (द0),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-01-62/2025....39 57.......... पटना/दिनांक..05/01/26.......

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/01/26
मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 34